प्राक्कथन

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक की यह रिपोर्ट संसद के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु संविधान के अनुच्छेद 151 के तहत राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार की गई है।

मार्च 2012 तक समाप्त अवधि को अच्छादन करते हुए यह रिपोर्ट, दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002–07) के लिए वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के नेटवर्क परियोजनाओं के निष्पादन लेखा परीक्षा से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण परिणामों को शामिल करती है।

इस रिपोर्ट में शामिल की गई टिप्पणियाँ 2011–12 के दौरान लेखा परीक्षा द्वारा देखी गई थी। पूर्णता के लिए, पहले के वर्षों से संबंधित टिप्पणियाँ जो पिछले रिपोर्टों में शामिल नहीं थी, जहाँ उचित थी, भी शामिल किया गया है। इसी तरह, यथा प्रासंगिक, मार्च 2012 के बाद के लेखा परीक्षा के परिणामों का भी उल्लेख किया गया है।

लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानक के अनुरूप किया गया है।